कोटद्वार, गुरूवार
28 अगस्त 2025
वर्षः 47
अंकः 115 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### प्रतिबंधित दवाओं के साथ पकड़े गए दोषी को 10 साल की जेल

विकासनगर। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट नंदन सिंह की अदालत ने प्रतिबंधित दवाओं के साथ पकड़े एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर उसे एक साल की सजा और भुगतनी पड़ेगी। मामला 2021 का सहसपुर थाना क्षेत्र का है। शासकीय अधिवक्ता नरेश बहुगुणा ने बताया कि 20 अगस्त 2021 को थाना सहसपुर पुलिस ने सभावाला क्षेत्र में रात लगभग नौ बजे एक व्यक्ति को कंधे पर बैग टंगा देखा। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान रोहित कुमार पुत्र मुकेश निवासी सहारनपुर के रूप में हुई। बैग की तलाशी ली गई तो उसमें दो डिब्बों में 288 प्रतिबंधित कैप्सूल और तथा दस डिब्बों में 4500 गोलियां बरामद हुई। उसने बताया कि वह ये दवाएं सहानपुपुर से सस्ते दाम पर लेकर आता है। यहां उन्हें बेचकर अच्छा मुनाफा कमाता हे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। उसे जेल भेज दिया गया। शासनकीय अधिवक्ता ने इस मामले में सात में से पांच गवाह पेश किए। गवाहों और दलीलों के बाद अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर करावास और एक लाख जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर उसे एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

### कटान को ले जा रहे दो संरक्षित पशु बरामद, दो धरे

रुड़की। पुलिस ने मंगलवार रात्रि मुखबिर की सूचना पर ग्राम लाठरदेवा शेख के पास से दो लोगों को दो संरक्षित पशुओं के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह पशुओं को कटान के लिए लेकर जा रहे थे। थाना निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि मंगलवार रात्रि पुलिस ग्राम नगला कूबड़ा के पास गश्त कर रही थी। उसी समय एक मुखबिर ने बताया कि दो व्यक्ति दो संरक्षित पशुओं को कटान के लिए लाठरदेवा शेख की ओर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। चेकिंग के दौरान लाठरदेवा शेख के पास से दो लोगों को पकड़ लिया, उनके पास दो संरक्षित पशु भी थे। पूछताछ करने पर दोनों ने अपना नाम आदिल और शहनीर निवासी ग्राम पनियाला थाना गंगनहर रुड़की बताया।

### एक करोड़ की साइबर ठगी के आरोपी पिता–पुत्र रांची से गिरफ्तार

रुद्रपुर। एक करोड़ की साइबर ठगी के आरोपी पिता–पुत्र को उत्तराखंड एसटीएफ के साइबर क्राइम थाना पंतनगर की टीम ने रांची से गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी ईडी–सीबीआई अधिकारी बनकर लोगों को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करते थे। दोनों के खिलाफ सात राज्यों में मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों ने इसी साल मार्च महीने में नैनीताल निवासी एक व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट कर एक करोड़ की ठगी की थी। जानकारी के मुताबिक, साइबर क्राइम थाना पंतनगर में मार्च 2025 में नैनीताल निवासी एक व्यक्ति ने साइबर ठगी का मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें बताया था कि अज्ञात कॉलर्स ने खुद को टेलीकॉम विभाग का अधिकारी बताते हुए उससे कहा कि ईडी और सीबीआई के आदेश पर उसका मोबाइल नंबर बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद उसे डिजिटली अरेस्ट कर लिया गया। आरोपियों ने व्हाट्सएप पर लगातार निगरानी रखते हुए पीड़ति को यह विश्वास दिलाया कि उसका मामला कोर्ट में ऑनलाइन सुनवाई के तहत चल रहा है।

### हरिद्वार में एलपीजी गैस की कालाबाजरी का भंडाफोड़

हरिद्वार। बहादराबाद इंडेन गैस बॉटलिंग प्लांट के पास एक बंद कंपनी में जिला आपूर्ति विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी में एलपीजी गैस की बड़ी कालाबजारी पकड़ी है। टीम ने गैस के दो कैप्सूल ट्रक, 61 कमर्शियल सिलेंडर और एक ढुलाई वाहन जब्त कर लिया है। साथ ही, बड़ी संख्या में गैस रिफिलिंग के अन्य उपकरणों को भी कब्जे में लिया गया है। मामले में उपायुक्त तेज बल सिंह ने दो फर्म सहित कुल सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

## भविष्य के युद्ध तकनीक और कूटनीति का मिश्रण होंगे:राजनाथ

इंदौर ,मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के महू में स्थित आर्मी वार कॉलेज में युद्ध, युद्धकला और युद्ध संचालन पर दो दिवसीय विशेष रण संवाद–2025 त्रि–सेवा सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने युद्ध के बदलते पैटर्न पर बात की और बताया कि भविष्य के युद्ध तकनीक और कूटनीति का मिश्रण होंगे।

आर्मी वॉर कॉलेज, महू में आयोजित रण संवाद त्रि–सेवा सेमिनार कार्यक्रम में तीनों सेनाओं के शीर्ष नेतृत्व के साथ–साथ प्रसिद्ध रक्षा विशेषज्ञ, रक्षा उद्योग के प्रमुख और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पेशेवर शामिल हैं। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य के युद्ध केवल हथियारों की लड़ाई नहीं होंगे, बल्कि तकनीक, खुफिया जानकारी, अर्थव्यवस्था और कूटनीति का मिला–जुला रूप होंगे।



उन्होंने बताया, आज का युग जटिल और बहु–क्षेत्रीय युद्धों से परिभाषित है, जहां युद्ध की कोई निश्चित व्यवस्था या कठोर सिद्धांत नहीं है। यह अपनी तरह का पहला सेमिनार है, जिसमें युद्ध और युद्ध कौशल पर तकनीक के प्रभाव पर चर्चा हो रही है। राजनाथ सिंह ने कहा, भारत कभी युद्ध की शुरुआत करने वाला देश नहीं रहा और न ही उसने किसी के खिलाफ आक्रामकता दिखाई है। हालांकि, वर्तमान भू–राजनीतिक परिस्थितियों में अगर कोई भारत को चुनौती देता है, तो देश को सख्त जवाब देना जरूरी हो जाता है। हमारी मंशा शांतिपूर्ण है, लेकिन हमारी ताकत कमजोर नहीं। रक्षा मंत्री ने तकनीकी प्रगति और रणनीतिक कूटनीति के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने सशस्त्र बलों से आधुनिक तकनीकों को अपनाने और वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने की बात कही। बता दें कि इस सेमिनार में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी भी मौजूद हैं।

### गूगल मैप ने पहुंचाया बंद पुलिया पर, वैन नदी में गिरी, 3 की मौत, 1 लापता

चित्तौड़गढ़ ,राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहाँ गूगल मैप के भरोसे एक परिवार की वैन बंद पुलिया पर पहुँच गई और बनास नदी में गिर गई। इस हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई, जबकि एक महिला अभी भी लापता है। यह घटना राशमी थाना क्षेत्र के सोमी–उपेरड़ा पुलिया पर देर रात करीब 1 बजे हुई। चित्तौड़गढ़ के कानाखेड़ा गाँव का एक परिवार भीलवाड़ा में सवाई भोज मंदिर से दर्शन कर लौट रहा था। रास्ते में वे भटक गए और गूगल मैप की लोकेशन ने उन्हें तीन साल से बंद इस पुलिया पर पहुँचा दिया।

पुलिस के अनुसार, मातृकुंडिया डैम के गेट खोले जाने के कारण नदी उफान पर थी और पानी पुलिया के ऊपर से बह रहा था। ड्राइवर ने पानी के बीच से निकलने की कोशिश की, लेकिन वैन फँस गई और कुछ ही मिनटों में नदी के तेज बहाव में बहकर नीचे गिर गई। हादसे के समय वैन में 9 लोग सवार थे। इनमें से 5 लोग किसी तरह वैन की छत पर चढ़कर अपनी जान बचाने में कामयाब रहे।

**उल्टा पड़ने वाला है ट्रंप का दांव!**

## भारत पर टैरिफ लगाने से प्रभावित होगी अमेरिका की इकोनॉमी

नई दिल्ली। भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा भारी टैरिफ लगाने से अमेरिकी अर्थव्यवस्था के प्रभावित होने की आशंका जाहिर की गई है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, इससे न केवल मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ेगा बल्कि विकास भी प्रभावित होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि नए टैरिफ से अमेरिकी जीडीपी 40 से 50 आधार अंकों तक प्रभावित हो सकती है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि अमेरिका में नए मुद्रास्फीति दबाव के संकेत पहले ही उभरने लगे हैं, जिसका मुख्य कारण हालिया टैरिफ और कमजोर डॉलर का प्रभाव है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इलेक्ट्रॉनिक्स और टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं जैसे आयात–संवेदनशील क्षेत्रों पर इसका सबसे अधिक असर होगा।

**45 अरब डॉलर मूल्य के एक्सपोर्ट पर टैरिफ**

रिपोर्ट के मुताबिक, उच्च टैरिफ और



विनिमय दर में उतार–चढ़ाव से पैदा हुए सप्लाई चेन से जुड़े कारकों के चलते अमेरिका में मुद्रास्फीति अब 2026 तक दो प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर रहने की उम्मीद है। अमेरिका ने लगभग 45 अरब डॉलर मूल्य के भारतीय निर्यात पर टैरिफ लगाया है। इससे कपड़ा, रत्न एवं आभूषण जैसे श्रम–प्रधान क्षेत्रों पर दबाव पड़ने की उम्मीद है। हालांकि, अमेरिका में छूट, मौजूदा टैरिफ संरचनाओं और स्थिर घरेलू मांग के कारण फार्मास्यूटिकल्स, स्मार्टफोन और स्टील का निर्यात अपेक्षाकृत सुरक्षित है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि सभी 45 अरब डॉलर मूल्य के निर्यात पर नए 50 प्रतिशत टैरिफ का असर पड़ता है, तो सबसे खराब स्थिति में अमेरिका के साथ भारत का ट्रेड सरप्लस घाटे में बदल सकता है। रिपोर्ट में इस बात पर उम्मीद जताई गई है कि व्यापार वार्ता से विश्वास बहाल होगा और अमेरिका को किए जाने वाले निर्यात में सुधार होगा।

**भारत का सबसे बड़ा वस्त्र निर्यात गंतव्य है अमेरिका**

अमेरिका ने जहां भारतीय वस्तुओं पर शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है, वहीं चीनी निर्यात पर शुल्क 30 प्रतिशत, वियतनामी वस्तुओं पर 20 प्रतिशत, इंडोनेशियाई निर्यात पर 19 प्रतिशत और जापानी उत्पादों पर 15 प्रतिशत रखा है। अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा वस्त्र निर्यात गंतव्य है।

## सीएम ने स्यानाचट्टी में सुनी प्रभावितों की समस्याएं, हर संभव सहायता का दिया आश्वासन

**मुख्यमंत्री बड़कोट तहसील के स्यानाचट्टी में आपदा प्रभावित क्षेत्र का किया स्थलीय निरीक्षण**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को जनपद के स्यानाचट्टी में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री आपदा प्रभावित लोगों से मिले तथा उनकी समस्याएं सुनकर हर संभव सहायता दिए जाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जगह-जगह भूस्खलन से मार्ग अवरुद्ध होने से बाधित हुई आवाजाही को बहाल किया जाए और यमुनोत्री मार्ग को सुचारू कर यात्रा के लिए जल्द खोला जाए। कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार हर पीड़ित परिवार के साथ है तथा प्रभावित लोगों को हुए नुकसान का आंकलन कर जल्द से जल्द हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।



स्यानाचट्टी के पास यमुना नदी में गडगाड गदेरे से मलबा आने से यमुना का प्रवाह अवरुद्ध होने के कारण अस्थाई झील निर्मित हुई थी। मुख्यमंत्री ने स्यानाचट्टी में बनी अस्थाई झील का निरीक्षण किया और नदी मार्ग में जमा हुई गाद को हटाने और झील के मुहाने को चौड़ा करके त्वरित जल निकासी बढ़ाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को जल भराव और मलबा आने से स्थानीय लोगों का हुए नुकसान का तत्काल आंकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करन, आवाजाही बाधित होने के कारण आलू की फसल की उचित मूल्य पर खरीद की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कुपड़ा कुंशाला पुल का स्थलीय निरीक्षण कर जल्द से जल्द कार्यदायी संस्था नामित कर निर्माण कार्य शुरू करने और आवाजाही बहाल होने तक वैकल्पिक पैदल मार्ग को व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। इस मौके पर पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल, यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल, जिलाध्यक्ष बीजेपी नागेंद्र चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, गढ़वाल समन्वयक किशोर भट्ट, जिलाधिकारी प्रशांत आर्य, पुलिस अधीक्षक सरिता डोभाल, कमांडेंट एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी, एडीएम मुक्ता मिश्र, एसडीएम बृजेश तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक देवेंद्र सिंह नेगी, जनक सिंह पंवार उपस्थित रहे।

### सिंगर राहुल फाजिलपुरिया पर हमला करने वाले 5 शूटरों का एनकाउंटर

गुरुग्राम ,गुरुग्राम के पटौदी रोड स्थित वजीरपुर इलाके में बुधवार को एक मुठभेड़ के बाद पुलिस ने पांच शूटरों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारी बॉलीवुड सिंगर राहुल फाजिलपुरिया पर फायरिंग और उनके फाइनेंसर रोहित शौकीन की हत्या से जुड़े मामले में हुई है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध बदमाश बिना नंबर की इनोवा कार में घूम रहे हैं। जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो कार में बैठे बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में चार बदमाशों के पैरों में गोली लगी। इसके बाद सभी को पकड़ लिया गया और इलाज के लिए गुरुग्राम के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि ये पांचों बदमाश विदेश में बैठे गैंगस्टरों रोहित सरधानिया और दीपक नांदल के लिए काम करते हैं। पकड़े गए शूटरों की पहचान विनोद पहलवान (झज्जर), पदम उर्फ राजा, शुभम उर्फ काला, गौतम उर्फ गोगी और आशीष उर्फ आशु (सभी सोनीपत निवासी) के रूप में हुई है।


## शाहरुख खान–दीपिका पादुकोण समेत 7 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज



भरतपुर ,राजस्थान के भरतपुर में अभिनेता शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण सहित 7 लोगों पर एक धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। यह शिकायत मथुरा गेट थाने में दर्ज की गई है। इससे शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। यह एफआईआर भरतपुर निवासी कीर्ति सिंह ने दर्ज करवाई है। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि कुछ समय पहले उन्होंने हुंडई कंपनी की एक कार खरीदी, लेकिन कार लेने के पहले ही दिन से उसमें तकनीकी खामियां नजर आने लगीं। बार–बार शिकायत करने के बावजूद कंपनी ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। वे उन्हें बार–बार आश्वासन देते रहे कि गाड़ी ठीक हो जाएगी, लेकिन किया कुछ नहीं। बहाना बनाकर उन्हें टालने की कोशिश करते रहते। कार निर्माता के इस रवैये से तंग होकर कीर्ति सिंह ने कानूनी लड़ाई लड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने भरतपुर की सीजेएम कोर्ट में इस धोखाधड़ी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। इस पर कोर्ट ने मथुरा गेट थाना पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। कीर्ति सिंह ने दावा किया कि उसे हुंडई कंपनी ने 'मैन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट्स' वाली कार बेची। पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद हुंडई कंपनी, उसके अधिकारियों और ब्रांड एंबेसडर शाहरुख खान व दीपिका पादुकोण सहित 7 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मामला दर्ज किया।

## हाईकोर्ट ने खारिज की गढ़वाल मंडल विकास निगम की याचिका

हल्द्वानी। हाईकोर्ट ने गढ़वाल मंडल विकास निगम प्रबंधन की ओर से दाखिल याचिका को खारिज करते हुए श्रम न्यायालय देहरादून के आदेश को बरकरार रखा है। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने स्पष्ट किया कि निगम प्रबंधन के एक कर्मचारी की सेवा समाप्त करना अवैध व गैरकानूनी था और वह पुनर्बहाली के साथ पूरे बकाया वेतन का हकदार है। मामले के अनुसार, श्रम न्यायालय ने 25 अक्तूबर 2023 को अपने आदेश में कर्मचारी की सेवा समाप्ति को अवैध बताते हुए, उसे 17 दिसंबर 2018 से सेवा में बहाल करने और सभी बकाया वेतन देने का आदेश दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए गढ़वाल मंडल विकास निगम ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उक्त कर्मचारी मई 1995 से निगम में दैनिक वेतन पर चतुर्थ श्रेणी पद पर कार्यरत था। 3 दिसंबर 2018 को उसका स्थानांतरण



हुआ और उसने 5 दिसंबर 2018 को नई जगह पर ज्वाइन किया, लेकिन 17 दिसंबर 2018 को उसकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। निगम का आरोप था कि कर्मचारी कार्य में लापरवाही बरत रहा था, जबकि कर्मचारी ने यह दिखाया कि उसने लगातार 18 वर्ष से अधिक अवधि तक सेवा की और प्रति वर्ष 240 दिन से अधिक कार्य किया।

### सड़क पर अनियंत्रित हुई बाइक, नदी में गिरने से छात्र की मौत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : प्रखंड बीरोंखाल क्षेत्र के अंतर्गत पंचपुरी के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग–309 में एक मोटर साइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमे बाइक के पीछे बैठे एक छात्र की पूर्वी नयार नदी में डूबने से मौत हो गई। जबकि, बाइक चला रहा छात्र सड़क पर गिर गया। नदी में रेस्क्यू अभियान चलाने के बाद पुलिस ने छात्र का शव बंगार झूले के समीप से बरामद किया।

बुधवार सुबह राजकीय इंटर कालेज स्यूंसी में कक्षा नौ में पढ़ने वाले छात्र ग्राम रीठाधार निवासी सुजल व आर्यन बाइक से स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान पंचपुरी के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर अचानक बाइक अनियंत्रित हुई और सड़क किनारे क्रैश बैरियर से टकरा गई। टक्कर लगते ही सुजल सड़क पर गिर गया। जबकि, आर्यन (14 वर्ष) पुत्र जितेंद्र कुमार सड़क किनारे पूर्वी नयार नदी में गिर गया। छात्र सुजल ने घटना की जानकारी अपने परिजनों व दोस्तों की दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आर्यन की तलाश के लिए नदी में रेस्क्यू अभियान चलाया। घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर आगे ग्राम बंजार के झूला पुल के समीप आर्यन का शव बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार, छात्र परिजनों को बिना बताए ही किसी से मोटर साइकिल लेकर स्कूल के लिए निकले थे। घटना पर क्षेत्रीय विधायक सतपाल महाराज ने भी शोक व्यक्त किया है।

## व्यापार दबाव में नहीं, सहमति से होना चाहिए,अमेरिकी टैरिफ के बीच मोहन भागवत का स्वदेशी अपनाने पर जोर

नई दिल्ली। आरएसएस के 100 वर्ष होने के अवसर पर दिल्ली के विज्ञान भवन में लोगों को संबोधित करते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि उपभोक्तावाद की वृद्धि के कारण दुनिया में पाप, दुःख और संघर्ष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वोक कल्चर पूरी दुनिया पर छा रहा संकट है। क्योंकि लोग अपने अलावा किसी दूसरे की ओर नहीं देख रहे हैं। इससे बचने के लिए लोगों को केवल धर्म का मार्ग अपनाना चाहिए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को स्वदेशी और आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार केवल सहमति से होनी चाहिए, किसी दबाव में नहीं। उन्होंने साफ कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनकर ही दुनिया में योगदान देना है। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते



हुए, मोहन भागवत ने 'हिंदुत्व' की परिभाषा पर भी विस्तार से बात की। उन्होंने कहा, हिंदुत्व या हिंदुपन क्या है? अगर इसे संक्षेप में कहना हो तो दो शब्द हैं सत्य और प्रेम। दुनिया का संचालन एकता से होता है, सौदेबाजी और अनुबंधों से नहीं।'

**विश्व कल्याण हिंदुस्तान का जीवन मिशन– भागवत**

इस दौरान मोहन भागवत ने कहा कि हिंदुस्तान का जीवन मिशन विश्व कल्याण है। उनका कहना था कि विकास की दौड़ में दुनिया ने भीतर झांकना छोड़ दिया है। अगर भीतर खोज होगी तो ऐसी अनंत खुशी मिलेगी जो कभी खत्म नहीं होगी। यही मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य है और इससे पूरी दुनिया में शांति और सौहार्द का माहौल बनेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि हिंदुत्व किसी एक संप्रदाय या समुदाय की विचारधारा नहीं है, बल्कि यह वह सोच है जो सत्य और प्रेम पर आधारित होकर सबको साथ लेकर चलती है। अगर यही मार्ग अपनाया जाए तो दुनिया के संघर्ष खत्म हो जाएंगे और सच्चा सुख–शांति स्थापित होगी।

## वैष्णो देवी लैंडस्लाइड में अब तक 41 लोगों की मौत

### बढ़ सकता है आंकड़ा; जम्मू का देश से रेल–सड़क संपर्क टूटा

कटड़ा ,श्री माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग के अर्धकुंवारी क्षेत्र में हुए भूस्खलन में मरने वालों का आंकड़ा 41 तक पहुंच गया है। जानकारी के मुताबिक कई स्थानों पर यात्री अभी भी फंसे हुए हैं और बचाव कर्मी बचाव कार्य में लगे हुए हैं। श्री माता देवा श्राइन बोर्ड की ओर से कहा गया है कि हाल ही में हुई लगातार बारिश और खराब मौसम को देखते हुए, सभी यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे मौसम में सुधार होने पर अपनी यात्रा की योजना फिर से बनाए।

रियासी के एसएसपी परमवीर सिंह ने कहा कि जम्मू–कश्मीर के कटड़ा में वैष्णो देवी मंदिर के पास भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 41 लोगों की



मौत हो गई है। इसके अतिरिक्त, जम्मू के चनैनी नाला में एक कार गिरने से 3 श्रद्धालु बह गए। लापता तीन में से दो श्रद्धालु राजस्थान के धौलपुर और एक आगरा का रहने वाला है। रविवार से जारी वर्षा के कारण जम्मू की सड़कें व पुल झेल नहीं पाए और शहर में बाढ़ जैसे हालात बन गए।

इसके साथ ही जम्मू का देश से सड़क व रेल संपर्क पूरी तरह कट गया। मंगलवार रात भारी बारिश की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने रात नौ बजे के बाद अकारण घरों से बाहर निकलने पर भी रोक लगा दी थी। तवी, चिनाब, उज्ज सहित सभी नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं।

जम्मू में तवी नदी पर बना भगवतीनगर पुल की एक लेन धंस गई, जबकि इस नदी पर बने दो अन्य पुलों पर एहतियातन आवाजाही बंद कर दी गई है। कठुआ के पास पुल धंसने से जम्मू–पठानकोट राष्ट्रीय पर यातायात पहले से प्रभावित था।

अब इस राजमार्ग पर विजयपुर में एम्स के निकट स्थित देविका पुल भी क्षतिग्रस्त हुआ है। इसके बाद सड़क यातायात पूरी तरह बंद कर दिया गया। सांबा में सेना के जवानों ने खानाबदोश गुज्जर समुदाय के सात लोगों को नदी से सुरक्षित बाहर निकाला है। जम्मू संभाग के सभी स्कूलों और कालेजों में 27 अगस्त को अवकाश घोषित किया गया था।

### अतिक्रमण से घिरी सड़कों में उलझा ऋषिकेश

ऋषिकेश। शहर में अतिक्रमण सड़कों का दम घोट रहा है, जिससे न सिर्फ लोगों को वाहन, बल्कि पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। एम्स जैसे संवेदनशील स्वास्थ्य संस्थान को जाने वाली सड़क को भी अतिक्रमणकारियों ने नहीं छोड़ा है। पहले से ही संकरी सड़क के दोनों किनारों पर अतिक्रमण से ट्रैफिक फंस रहा है, जिसमें कई दफा गंभीर किस्म के मरीजों को भी एंबुलेंस में स्लो ट्रैफिक की वजह से जूझना पड़ रहा है। सिर्फ एम्स संपर्क मार्ग ही नहीं, हैवी ट्रैफिक वाला हरिद्वार बाईपास मार्ग भी इसी तरह की घेरबाड़ की जद में है। यहां योगनगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन के बाहर तीन दर्जन से ज्यादा ठेली, रेहड़ी सड़क की जड़ में खड़ी की जा रही है, जिससे स्टेशन के बाहर सुबह से लेकर शाम तक जाम की स्थिति बन रही है।

## हत्याकांड में नया मोड़ : निक्की के भाई की पत्नी मीनाक्षी भाटी का बड़ा खुलासा

ग्रेटर नोएडा , निक्की हत्याकांड मामले में अब मृतका के भाई रोहित की पत्नी और निक्की की भाभी मीनाक्षी भाटी का बयान सामने आया है, जिसने कई अहम खुलासे किए हैं। मीनाक्षी, जो निक्की के भाई रोहित की पत्नी हैं, ने निक्की के परिवार पर दहेज, पारिवारिक कलह और पंचायतों से जुड़े कई गंभीर आरोप लगाए।

मीनाक्षी ने कहा कि घटना के वक्त आरोपी विपिन घर के नीचे था और वीडियो में वह दिखाई भी नहीं दे रहा है। वीडियो में निक्की की बहन कंचन उसे बचाने की कोशिश करती नजर आई। मीनाक्षी के अनुसार, वीडियो देखकर ऐसा लगता है कि निक्की ने खुद आग लगाई, विपिन का इसमें हाथ नहीं था। उन्होंने बताया कि विपिन ने निक्की के नाम का टैटू भी बनवा रखा था, जिससे पता चलता है कि वह उसे बहुत चाहता था। मीनाक्षी ने हालांकि अपने निजी अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें खुद दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया।

उन्होंने कहा, मुझे दहेज के लिए छोड़ा गया, कई बार 5–5 लाख रुपए लिए गए, यहां तक कि स्कॉर्पियो गाड़ी की मांग भी की गई।

उनके मुताबिक, पंचायत में 35 लाख रुपये वापसी का फैसला हुआ था और विपिन के पिता सतवीर ने भी इसे मान लिया था। शादी के बाद से ही उनके साथ मारपीट होती रही और कभी ससुराल में उन्हें फोन इस्तेमाल तक नहीं करने दिया गया। मीनाक्षी के मुताबिक उसके ससुराल वाले कहते थे फोन परिवार का नाश कर देता है।

## सम्पादकीय

### भारत—चीन संबंधों में सुधार

चीन को अहसास है कि भारत ने कुछ अमेरिका के बदले रुख और कुछ आर्थिक जरूरतों के कारण उसकी तरफ हाथ बढ़ाया है। तो उसकी सोच है कि भारत और अमेरिका के बीच दूरी जितनी बढ़ाई जा सके, वह उसके दीर्घकालिक हित में होगा।भारत– चीन के संबंधों में जिस तेजी से सुधार हो रहा है, उन पर सहज यकीन नहीं होता। चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा के दौरान माहौल सतर्कता भरी गर्मजोशी का रहा। ऐसा महसूस हुआ कि फिलहाल भारत सरकार का जो मन बदला है, चीन उसका पूरा फायदा उठा लेने की फिराक में है। चीन का मकसद रणनीतिक है। उसे अहसास है कि भारत ने कुछ अमेरिका के बदले रुख और कुछ आर्थिक जरूरतों के कारण उसकी तरफ हाथ बढ़ाया है। तो चीन की सोच संभवतः यह है कि इस मौके पर भारत और अमेरिका के बीच दूरी जितनी बढ़ाई जा सके, वह उसके दीर्घकालिक हित में होगा। नतीजतन, वांग की यात्रा के दौरान चीन ने रेयर अर्थ, अन्य खनिजों एवं उर्वरकों का भारत को निर्यात की इजाजत देने के संकेत दिए। दोनों देश सीधी विमान सेवा और सीमा व्यापार फिर शुरू करने की ओर भी आगे बढ़े हैं। चीन ने तिब्बत में बन रहे दुनिया के सबसे बड़े बांध के कारण ब्रह्मपुत्र नदी में दल के बहाव के बारे में भारत में फैली चिंता का समाधान करने की कोशिश भी की। वांग सीमा वार्ता के लिए नई दिल्ली आएथे। इस दिशा में भी प्रगति हुई। सीमा निर्धारण के लिए विशेषज्ञ दल बनाने का निर्णय हुआ है। वांग की यात्रा के दौरान सबसे प्रमुख घटना उनकी प्रधानमंत्री से मुलाकात रही, जिस दौरान नरेंद्र मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन की चीन में होने जा रही शिखर बैठक में भाग लेने की पुष्टि कर दी। मोदी ने कहा- 'भारत और चीन के बीच स्थिर, पुर्वानुमेय एवं रचनात्मक संबंध का क्षेत्रीय एवं वैश्विक शांति और समृद्धि में महत्त्वपूर्ण योगदान होगा।इ मगर कई पेच बाकी हैं। उनमें सीमा विवाद सिर्फ एक है। गौरतलब है कि वांग नई दिल्ली से सीधे पाकिस्तान गए हैं। दक्षिण एशिया में चीन और भारत की रणनीतियों में टकराव के पहलू बने हुए हैं। उनके रहते दोनों देश समान मकसद के लिए काम कर पाएंगे, इसकी संभावना कम दिखती है। इसीलिए ये सवाल उठा है कि क्या दोनों देश फिलहाल अपने संबंधों में सिर्फ फ़ौरी एडजस्टमेंट कर रहे हैं?

# विपक्ष बहुत चिंतित है और आशंकित

अजीत द्विवेदी

मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और प्रधानमंत्री को पद से हटाने का प्रावधान करने के लिए लाए गए विधेयकों पर विपक्ष बहुत चिंतित है और आशंकित है। विपक्ष के सारे नेताओं की एक ही चिंता है कि केंद्रीय एजेंसियां खास कर सीबीआई और ईडी विपक्षी पार्टी की सरकारों को अस्थिर कर सकती हैं। उनका कहना है कि केंद्रीय एजेंसियां मुकदमा करेंगी और मंत्री या मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लेंगी। धन शोधन के कानून में जमानत के प्रावधान बहुत सख्त हैं इसलिए उनको 30 दिन तक जमानत नहीं मिलेगी और इस नाम पर उनको हटा दिया जाएगा।

आशंका यही पर खत्म नहीं होती है। यह भी कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री को गिरफ्तारी का डर दिखा कर उसको किसी काम के लिए मजबूर किया जा सकेगा। इतना ही नहीं यह आशंका भी जताई जा रही है कि मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और फिर उसकी पार्टी तोड़ कर सरकार गिरा दी जाएगी। ऐसा लग रहा है कि सरकार ने बिल बनाते समय इसके जितने मकसद नहीं सोचे होंगे उतने मकसद विपक्ष ने समझा दिए हैं।

अभी तक मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों या प्रधानमंत्री को पद से हटाने का कोई कानूनी प्रावधान नहीं था। विधायक और सांसद को हटाने का प्रावधान भी लिली थॉमस मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए गए आदेश के बना। इसमें तय किया गया कि किसी विधायक या सांसद को दो साल या उससे ज्यादा की सजा हो जाती है तो वह विधायिका का सदस्य नहीं रह पाएगा और सजा की तारीख से उसके चुनाव लड़ने पर रोक लग जाएगी। आमतौर पर निचली अदालत से सजा होते ही विधायकों, सांसदों की सदस्यता समाप्त कर दी जाती है, जैसा कि राहुल गांधी के मामले में हुआ था।

बाद में अगर ऊपरी अदालत सजा पर रोक लगा दे तो सदस्यता बहाल हो जाती है। बहरहाल, अगर कोई व्यक्ति विधायक या सांसद होने के अयोग्य हो जाएगा तो वह स्वतः मंत्री, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री बनने के भी अयोग्य हो जाएगा। इस नियम से इतर अब सरकार संविधान संशोधन करके कानून बना रही है कि अगर किसी मंत्री, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री को किसी गंभीर अपराध के आरोप में गिरफ्तार किया जाता है और 30 दिन तक जमानत नहीं होती है तो 31वें दिन उसको पद से हटा दिया जाएगा।

अब सवाल है कि इसकी जरुरत क्यों पड़ी? इसकी जरुरत पड़ी अरविंद केजरीवाल की वजह से। दिल्ली का मुख्यमंत्री रहते केजरीवाल शराब घोटाले से जुड़े केस में गिरफ्तार हुए और उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया। वे 156 दिन तक दिल्ली की तिहाड़ जेल में रहे और मुख्यमंत्री बने रहे। उससे पहले उन्होंने हवाला मामले में गिरफ्तार अपनी सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन को भी काफी समय तक मंत्री पद से नहीं हटाया था। ऐसे ही तमिलनाडु में एमके स्टालिन सरकार के मंत्री सेंथिल बालाजी गिरफ्तार होकर जेल चले गए लेकिन मंत्री बने रहे।

इससे पहले आमतौर पर मंत्री या मुख्यमंत्री गिरफ्तारी से पहले इस्तीफा दे देते थे। पिछले ही साल जनवरी में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया था और उन्होंने गिरफ्तारी से ठीक पहले इस्तीफा देकर चम्पई सोरेन को मुख्यमंत्री बनवा दिया। लेकिन उसके दो महीने बाद मार्च में गिरफ्तार हुए अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा नहीं दिया। सो, अब तक जो काम नैतिकता और लोकलाज के आधार पर होते थे वह काम सुनिश्चित करने के लिए सरकार कानून ला रही है।

अब आएं विपक्ष की चिंता और आशंका पर तो उसकी एक आशंका का जवाब हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल के मामले से मिल जाता है। हेमंत सोरेन ने इस्तीफा दिया और जेल गए तो अगले चुनाव में उनकी पार्टी ज्यादा बड़े बहुमत से सरकार में लौटी। दूसरी ओर केजरीवाल जेल गए और इस्तीफा नहीं दिया तो अगले चुनाव में वे खुद भी हारे और उनकी पार्टी भी हार कर सत्ता से बाहर हुई। दोनों की पार्टियों ने गिरफ्तारी को राजनीतिक बदले की कार्रवाई कहा था लेकिन झारखंड की जनता ने हेमंत की बात पर यकीन किया और दिल्ली के लोगों ने केजरीवाल पर यकीन नहीं किया।यह मामला कहीं न कहीं नैतिकता, परंपरा और लोकलाज से जुड़ा हुआ है। अतीत में भी देखें तो नेता नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देते थे और उनको राजनीतिक नुकसान नहीं होता था। लालू प्रसाद ने गिरफ्तारी से पहले इस्तीफा देकर अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनवाया। लालू प्रसाद के जेल जाने से न तो उनकी पार्टी टूटी और न सरकार गिरी, बल्कि अगले चुनाव में फिर उनकी पार्टी जीत कर सत्ता में आई। ऐसे ही तमिलनाडु में जयललिता मुख्यमंत्री रहते दो बार गिरफ्तार हुईं। एक बार उन्होंने ओ पनीरसेल्वम को मुख्यमंत्री बनाया और दूसरी बार ई पलानीसामी को मुख्यमंत्री बनाया। दोनों बार न तो उनकी पार्टी टूटी और न सरकार गिरी।

इसके उलट पार्टियों के टूटने या सरकार गिरने की पिछले 10 साल की घटनाएं देखें तो अलग तस्वीर सामने आती है। कमलनाथ जैसा व्यक्ति मुख्यमंत्री पद पर बैठा रहा और कांग्रेस पार्टी टूट गई, सरकार गिर गई। कांग्रेस के समर्थन से सरकार चला रहे एचडी कुमारस्वामी मुख्यमंत्री पद पर बैठे रहे और कांग्रेस टूट गई, सरकार गिर गई। कांग्रेस और एनसीपी के समर्थन से सरकार चला रहे उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे रहे और उनकी पार्टी टूट गई, सरकार गिर गई। इसका मतलब है कि मुख्यमंत्री गिरफ्तार होगा तो अनिवार्य रूप से पार्टी टूट जाएगी या सरकार गिर जाएगी और गिरफ्तार नहीं होगा तो अनिवार्य रूप से पार्टी नहीं टूटेगी, ऐसा मानना मूर्खतापूर्ण विचार है।अब रही बात इस कानून के जरिए भारत को पुलिस स्टेट बनाने की तो यह चिंता भी बहुत सेलेक्टिव है। देश की आम जनता के लिए भारत पुलिस स्टेट ही है। पुलिस जहां चाहती है, जिसको चाहती है उसको पकड़ लेती है, उस पर लाठी डंडा चला देती है, झूठे मुकदमे में फंसा देती है। हां, माननीय लोगों को अब इसका डर लगने लगा है। तभी कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा कि अब एक कांस्टेबल के पास भी सरकार बदल देने की क्षमता होगी।उनके कहने का मतलब है कि कांस्टेबल किसी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लेगा और सरकार बदल जाएगी। अव्वल तो किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी ऐसे नहीं होती है और दूसरे मुख्यमंत्री के गिरफ्तार हो जाने से उसकी सरकार नहीं गिर जाती है। सिंघवी खतरे को बढ़ा चढ़ा कर दिखा रहे हैं। ऊपर से वे न्यायपालिका को बिल्कुल शून्य मान कर चल रहे हैं। सोचें, खुद वकील हैं लेकिन मान रहे हैं कि कोई कांस्टेबल किसी मुख्यमंत्री को मनमाने तरीके से गिरफ्तार कर लेगा और अदालतें कुछ नहीं करेंगी!अगर उनकी बात मान भी ली जाए कि केंद्रीय एजेंसियां किसी विपक्षी शासन वाले राज्य के मंत्री या मुख्यमंत्री को मनमाने तरीके से गिरफ्तार कर लेगी तो उसी तरह प्रदेश सरकार की एजेंसियां अपने राज्य में केंद्रीय मंत्रियों को गिरफ्तार कर सकती हैं। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है और अगर कांग्रेस को लग रहा है कि उसके मुख्यमंत्री या उप मुख्यमंत्री को झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है तो कर्नाटक सरकार की एजेंसियां केंद्रीय मंत्रियों को ऐसे ही मुकदमों में फंसा सकती हैं। उनके ऊपर हत्या से लेकर बलात्कार और चोरी, डकैती या जमीन हड़पने के झूठे मुकदमे किए जा सकते हैं और गिरफ्तार करके जेल में डाला जा सकता है। 30 दिन तक जमानत न हो इसके भी इंतजाम किए जा सकते हैं। यह तो अराजकता की स्थिति होगी। पता नहीं कैसे विपक्ष ऐसी स्थिति की कल्पना कर लेता है?

अंत में: राजनीतिक दलों के प्रवक्ताओं के साथ साथ अच्छे अच्छे पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक कह रहे हैं कि केंद्र की मोदी सरकार चंद्रबाबू नायडू के समर्थन पर टिकी है इसलिए उनको डराने के लिए यह कानून लाया जा रहा है। यह बिल्कुल बुद्धि विरोधी बात है। अव्वल तो चंद्रबाबू नायडू या किसी दूसरे मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के लिए अलग से किसी कानून की जरुरत नहीं है। केंद्रीय एजेंसियां चाहें तो उनको गिरफ्तार कर सकती हैं।ध्यान रहे नायडू को जगन मोहन रेड्डी की सरकार ने भी गिरफ्तार किया था। दूसरे ऐसी बात कहने वालों को आंध्र प्रदेश विधानसभा का हिसाब नहीं मालूम है। 175 सदस्यों की आंध्र प्रदेश विधानसभा में नायडू की पार्टी टीडीपी के 135 विधायक हैं यानी बहुमत से 47 ज्यादा। बाकी सभी पार्टियों को मिला कर 40 विधायक हैं। कोई बुद्धि निरपेक्ष व्यक्ति ही यह सोच सकता है कि नायडू को गिरफ्तार कर लेंगे तो उनकी पार्टी टूट जाएगी और उनकी सरकार गिर जाएगी। उनको गिरफ्तार करेंगे तो उनका बेटा या परिवार का कोई सदस्य मुख्यमंत्री बन जाएगा और वे जेल से नायक बन कर लौटेंगे।

# क्या सभी सांसदों के ऊपर सीबीआई, ईडी छोड़ देंगे?

हरिशंकर व्यास

भारत सरकार के मंत्रियों की क्या हैसियत हो गई है? राष्ट्रीय अध्यक्ष की हैसियत के नेता नरेंद्र मोदी के लिए माला पकड़ कर खड़े होते हैं। उस माला में घुसने की इजाजत उनको नहीं होती है। यह धारणा बनी है कि ले देकर एक अमित शाह हैं, जिनकी कोई हैसियत है लेकिन संसद के मानसून सत्र में यह भी दिखा कि पक्ष और विपक्ष में उनकी हैसियत पर ही चिंदियां गिरती दिखी। वे गिरफ्तारी और 30 दिन की हिरासत पर मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और प्रधानमंत्री को कुर्सी से हटाने वाला विधेयक पेश कर रहे थे तो उसे उन्होने अगली पंक्ति में अपनी निर्धारित सीट से पेश नहीं किया, बल्कि चौथी पंक्ति में अपने सांसदों के बीच खड़े होकर पेश किया।

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि डर के मारे अमित शाह ने चौथी लाइन में खड़े होकर बिल पेश किया। जिस समय वे बिल पेश कर रहे थे उस समय विपक्ष की ओर से बिल की प्रति फाड़ी गई और कागज के गोले बना कर उनकी ओर उछाले गए। अब वे क्या करेंगे? क्या सभी सांसदों के ऊपर सीबीआई, ईडी छोड़ देंगे?

पिछले दिनों दिल्ली में कांस्टीट्यूशन क्लब के चुनाव की बड़ी चर्चा रही। भाजपा के पूर्व सांसद संजीव बालियान ने अपनी ही पार्टी के सांसद राजीव प्रताप रूड़ी को चुनौती दे दी। क्लब से सेक्रेटरी एडमिन के लिए हुए चुनाव में कहा गया कि बालियान को अमित शाह ने उम्मीदवार बनाया है। पुरानी भाजपा के चेहरे रूड़ी को हराने के लिए बालियान को लाया गया है।संसद सत्र के बीच खुद अमित शाह वोट डालने पहुंचे। उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी थे। लेकिन रूड़ी ने बालियान को बड़े अंतर से हरा दिया। सात सौ वोट वाले चुनाव में रूड़ी एक सौ वोट से जीते। इसके बाद चर्चा रही कि रूडी ने शाह को हराया। इसी तरह गुजरात में सहकारिता के हालिया चुनावों में भी अमित शाह के उम्मीदवारों के हारने की चर्चा है। संघ के लोगों ने अमित शाह के उम्मीदवारों को निपटवा दिया। वह भी गुजरात में। क्या अर्थ है। उनकी छोटे, मामूली चुनाव में भी धमक नहीं रही। न गुजरात में वे अपना प्रदेश अध्यक्ष बनवा पा रहे है और न उत्तरप्रदेश में? योगी ने उन्हे यूपी में ऐंवे ही बना डाला है!पिछले दिनों एनडीए के सांसदों की बैठक हुई, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्मान किया गया। उस समय मोदी ने सबको याद दिलाया कि अमित शाह सबसे लंबे समय तक केंद्रीय गृह मंत्री रहने का रिकॉर्ड बना चुके हैं तो उनका भी सम्मान होना चाहिए। उनका जबरदस्ती सम्मान हुआ। मगर बाकि जो समय से मंत्री बने हुए है वे नाराज हो गए और कहते है उन्होंने शिकायत करने में कोताही नहीं बरती। आखिर कई नेता लगातार 11 साल से मंत्री हैं।नितिन गडकरी एक ही विभाग में 11 साल से मंत्री हैं और पूरे देश में उनके कामकाज की चर्चा होती है। राजनाथ सिंह भी छह साल से ज्यादा समय से रक्षा मंत्री हैं और पांच साल गृह मंत्री रहे हैं। कई और मंत्री हैं जो 2014 से लगातार सरकार में हैं। लेकिन उनके स्वागत के लिए कभी मोदी ने नहीं कहा। लेकिन बुनियादी सवाल तो यह है कि इन मंत्रियों को भी क्या मतलब है? क्या कोई मंत्री अपने कामकाज की तारीफ, शाबाशी की चर्चा पाता होता। सब तो एक आदमी के आगे ऐंवे हो गए है। सारे मंत्रालय एक जगह से चलते हुए हैं। बाकी सब डाकिए का काम करने के लिए मंत्रालय में बैठाए गए हैं।

## अब हल्की राहत नाकाफी

बारह फीसदी वाली चीजों को 18 प्रतिशत में ले जाया गया, तो उससे और नुकसान होगा। 28 फीसदी की दर विलासिता की चीजों पर है, जिसके घटने से समृद्ध तबकों को लाभ होगा। 12 फीसदी वाली चीजें आम जन से जुड़ी हुई हैं।

स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री के 103 मिनट के भाषण में व्यावहारिक महत्त्व की घोषणा यह थी कि अगली दिवाली से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का नया रूप सामने आएगा। उसके बाद सरकारी अधिकारियों के हवाले से मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि अब इस कर व्यवस्था में चार के बजाय दो दरें ही होंगी। संभवतः 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की दरों को खत्म कर दिया जाएगा। उन श्रेणियों में आने वाली वस्तुओं को पांच और 18 फीसदी की दरों में समाहित किया जाएगा। वैसे आदर्श स्थिति तो यह होगी कि, जैसा जीएसटी लागू होने से पहले अनुमान लगाया जाता था, सिर्फ एक दर हो। बहरहाल, दो दरों का होना भी मौजूदा स्थिति की तुलना मे सुधार माना जाएगा। इससे आर्थिक गतिविधियों को तेज करने में कितनी मदद मिलेगी, वह इससे तय होगा कि सरकार करों को न्यूनतम रखने का नजरिया अपनाती है या अधिकतम। अगर 12 फीसदी वाली कुछ चीजों को 18 प्रतिशत में ले जाया गया, तो उससे और नुकसान होगा। 28 फीसदी की दर विलासिता की चीजों पर है, जिसके घटने से समृद्ध तबकों को लाभ होगा। जबकि 12 फीसदी वाली चीजें आम जन से जुड़ी हुई हैं। इन्हें पांच प्रतिशत पर लाया जाता है, तो बेशक लोगों की जेब में पैसा बचेगा। हालांकि यह भी उतना नहीं होगा, जिससे अर्थव्यवस्था को गतिशील बना देने लायक मांग बढ़े। इसका कारण हाल के वर्षों में आम परिवारों की घटी बचत और उन पर बढ़ा कर्ज का बोझ है। फिर तमाम सेवाओं की महंगाई का अलग से दबाव है। दरअसल, सरकार ने पिछले दशक में आम जन की जेब इतनी निचोड़ ली है, अब हल्की राहत नाकाफी है।

# सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज का ट्रेलर रिलीज



फिल्म सॉन्स ऑफ पैराडाइज का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म ओटीटी पर इसी महीने रिलीज होगी। इसमें सोनी राजदान और सबा आजाद लीड रोल में हैं। यह फिल्म कश्मीर की पहली महिला सिंगर नूर बेगम (राज बेगम) की जिंदगी पर आधारित है।

फिल्म की कहानी पद्मश्री से सम्मानित कश्मीरी गायिका राज बेगम पर बनी हैं, जिन्हें कश्मीर की मेलोडी क्वीन के नाम से भी जाना गया। ट्रेलर में उनके उस संघर्ष की झलक है, जिन्होंने उन्हें लोकप्रिय गायिका बनाया। वह दौर ऐसा था कि कश्मीर में महिलाओं को गाने की इजाजत नहीं थी। मगर, तब राज बेगम ने परिवर्तित नाम के साथ यह सफर शुरू किया, विरोध झेला और फिर लगन और मेहनत के बूते सफलता के शिखर पर पहुंचीं।

फिल्म में सोनी राजदान और सबा आजाद दोनों ने राज बेगम का रोल अदा करते हुए अलग–अलग समयकाल को दिखाया है। ट्रेलर की शुरुआत में एक शख्स नूर बेगम (सोनी राजदान) से उनकी कहानी पूछता है। वे कहती हैं, क्या करेंगे मेरी कहानी का? जवाब मिलता है, आपकी कहानी लोगों तक पहुंचाना बहुत जरूरी है। अगले दृश्य में सबा आजाद की एंट्री होती है।

राज बेगम (सबा आजाद) गाना गाने में मगन हैं और मां की चिंता है जल्दी से बेटी का निकाह हो और बला टले! राज का जवाब होता है, खुदा ने औरतों को सिर्फ शादी करने के लिए जमीन पर नहीं भेजा है।

## आरसीबी के बल्लेबाज रोमारियो शेफर्ड ने 1 बॉल में बनाए 20 रन!

0–छक्कों की हैट्रिक लगाने के बावजूद मिली हार

नई दिल्ली,27 अगस्त। क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है. क्रिकेट के मैदान पर ऐसा कुछ भी नहीं है जो नहीं हो सकता है. ऐसा ही कुछ अब वेस्टइंडीज में खेली जा रही कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 में हुआ है. जहां 1 बॉल पर 20 रन बन गए हैं. अब आप सोच रहे होंगे ये कैसे हुआ और किसने किया तो आज हम आपको इस बारे में विस्तार से बताने वाले हैं. ये कारनामा कैरेबियन प्रीमियर लीग के 13वें सीजन में वेस्टइंडीज के बल्लेबाज रोमारियो शेफर्ड ने कर दिखाया है, जो आईपीएल में आरसीबी के लिए खेल रहे हैं. इससे पहले वो मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के लिए इंडियन प्रीमियर लीग में खेले चुके हैं. उन्होंने 1 बॉल में 20 रन बनाकर सभी को हैरान कर दिया है. गयाना अमेजन वॉरियर्स और सेंट लूसिया के बीच खेले गए इस मैच में गयाना अमेजन वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 202 रन बनाए. सेंट लूसिया ने 203 रनों का लक्ष्य 18.1 ओवर में हासिल कर 4 विकेट से जीत दर्ज कर ली. इस मैच में गयाना अमेजन वॉरियर्स जब पहले बल्लेबाजी कर रही थी, उस समय रोमारियो शेफर्ड टीम के लिए 15वें ओवर में बल्लेबाजी कर रहे थे.

# 16 मैच, 100 विकेट! 129 सालों से नहीं टूटा रिकॉर्ड, जॉर्ज लोहमैन के नाम दर्ज ये कारनामा




नई दिल्ली , क्रिकेट के इतिहास में कई रिकॉर्ड बनते और टूट जाते हैं. लेकिन कई ऐसे भी रिकॉर्ड हैं जिन्हें आज भी नहीं तोड़ा जा सकता है. हालांकि हाल के दिनों में क्रिकेट का प्रारूप बदल गया है फिर भी कुछ पुराने रिकॉर्ड जस के तस बने हुए हैं. इन्हीं में से एक है सिर्फ 16 मैचों में 100 विकेट लेने का रिकॉर्ड. 19वीं सदी में बना यह रिकॉर्ड 129 साल बाद भी नहीं टूटा है.

क्रिकेट की शुरुआत में पिचें सख्त हुआ करती थीं. ऐसी पिचों पर गेंदबाज विरोधी टीमों को डरा देता था. बल्लेबाज भी उसकी गेंदबाजी से खेलने से डरते थे. उसकी स्विंग और तेज गेंदबाजी के आगे विरोधी टीमें धूल चटा देती थीं. पिच कैसी भी हो इस गेंदबाज का एकमात्र लक्ष्य विकेट लेना होता था. उसकी ऐसी ख्याति थी कि एक बार गेंद उसके हाथ में आ जाती तो विकेट गिरना तय था. खासकर, उस जमाने में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी मजबूत टीमों के खिलाड़ी भी उसे देखकर कांप उठते थे. तो, वो खतरनाक गेंदबाज कौन है? आइए उस बारे में जानते हैं.इंग्लैंड के दिग्गज जॉर्ज लोहमैन 19वीं सदी के सबसे धाकड़ गेंदबाजों में से एक थे. ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच खेलने वाले लोहमैन अपनी स्विंग और घातक गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों को परेशान करते थे. अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत से लेकर 1896 में लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर अपने आखिरी मैच तक उनकी गेंदबाजी शैली में कोई बदलाव नहीं आया.

# अशनूर कौर ने की बिग बॉस 19 में एंट्री, फैंस को कहा शुक्रिया



बिग बॉस 19 का आगाज हो चुका है। इनमें ये रिश्ता क्या कहलाता है की अदाकारा अशनूर कौर भी शामिल हैं। उन्होंने बीबी हाउस में प्रवेश किया। इंस्टाग्राम पर अशनूर की एक वीडियो क्लिप साझा की गई है, जिसमें वे प्रशंसकों का आभार जता रही हैं। इस क्लिप में उन्होंने बिग बॉस जाने से पहले की तैयारियों की एक झलक भी दिखाई है। अशनूर कौर 'बिग बॉस 19इ् की सबसे युवा प्रतिभागी हैं। उन्होंने शो में प्रवेश करने के बाद इसे जीतने की इच्छा भी जाहिर की थी। अशनूर की टीम ने ये वीडियो शेयर करते हुए लिखा, आपके प्यार, दुआओं और साथ से आखिरकार अशनूर कौर ने बिग बॉस के घर में एंट्री कर ली है। जो फैंस उन्हें चार साल की नन्ही बच्ची से आज तक बढ़ते देख रहे हैं, उनके लिए यह खास मौका है, पहली बार रियलिटी टीवी पर असली अशनूर को देखने का, जो खूबसूरत, बेबाक और बहुत भावुक भी हैं। हम बेहद खुश हैं कि आप सभी इस सफर का हिस्सा बने हैं और अपने सपोर्ट से इसे और यादगार बना रहे हैं। अशनूर को चीयर करते रहिए, अपना प्यार बांटते रहिए और तैयार हो जाइए ढेर सारी नई और अनमोल यादों के लिए।

## बॉक्स ऑफिस पर वॉर 2 की कमाई में मामूली बढ़त, 11वें दिन जुटाए इतने करोड़ रुपये

ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की वॉर 2 को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 11 दिन पूरे हो गए हैं। इस फिल्म को लेकर लोगों के बीच जबरदस्त जबरदस्त उत्साह था, लेकिन पर्दे पर आते ही पूरा माहौल ठंडा हो गया। इसे न तो समीक्षकों से बढ़िया प्रतिक्रिया मिला और ना ही बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल देखने को मिला। अब वॉर 2 के 11वें दिन के कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली।

बॉक्स ऑफिस का लेखा–जोखा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, वॉर 2 ने अपनी रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे रविवार को 6.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसी के साथ इस फिल्म ने भारत में 221 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। वॉर 2 ने दुनियाभर में 329.15 करोड़ रुपये से अधिक कमाए हैं। इस फिल्म को बनाने में 400 करोड़ रुपये लगे हैं। बता दें, बॉक्स ऑफिस पर वॉर 2 का सामना रजनीकांत की कुली से हो रहा है।

# रविचंद्रन अश्विन ने की आईपीएल से संन्यास की घोषणा

## —इन 5 टीमों के लिए आईपीएल में मचाया धमाल



नई दिल्ली,भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार यानी 27 अगस्त को इंडियन प्रीमियर लीग (द्धक्करु) से संन्यास की घोषणा कर दी है. उनके इस फैसले ने सभी क्रिकेट फैंस को हैरान कर दिया है. उन्होंने अपना अंतिम आईपीएल चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेला था. वो आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स की टीम का हिस्सा थे. अब उन्होंने आईपीएल को अलविदा कहने का फैसला किया है. उन्होंने साल 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था.

अश्विन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर आईपीएल से संन्यास का ऐलान किया है. उन्होंने लिखा, यह एक खास दिन है और इसलिए एक खास शुरुआत भी. कहते हैं कि हर अंत की एक नई शुरुआत होती है. एक आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है, लेकिन विभिन्न लीगों में खेल के एक अन्वेषक के रूप में मेरा समय आज से शुरू हो रहा है. मैं सभी फ्रेंचाइजी को वर्षों से मिली शानदार यादों और रिश्तों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं र सबसे महत्वपूर्ण बात आईपीएल और बीसीसीआई को, जो उन्होंने मुझे अब तक दिया है, उसके लिए धन्यवाद.आगे जो भी मेरे सामने है, उसका पूरा आनंद लेने और उसका पूरा लाभ उठाने के लिए उत्सुक हूं.

रविचंद्रन अश्विन ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत 2009 में की थी. वो अब तक आईपीएल में 5 टीमों के साथ खेल चुके हैं. उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स, राइजिंग पुणे सुपरजाइंट्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी के लिए अपनी सेवाएं दीं हैं. वो पंजाब की कप्तानी भी आईपीएल में कर चुके हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### माँ नंदा देवी अष्टमी मेला 1 सितंबर को

जयन्त प्रतिनिधि।थलीसैंण : नगर पंचायत थलीसैंण के कैन्यूर पंचायत भवन प्रांगण में माँ नंदा देवी अष्टमी (पत्ती मेला) मेले का आयोजन आगामी 01 सितंबर को किया जायेगा। नगर पंचायत थलीसैंण अध्यक्ष श्रीमती बीरा देवी ने जानकारी देते हुए क्षेत्र के लोगों से मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर माँ नंदा देवी का आशीर्वाद लेने की अपील की है।

### जितेंद्र आत्महत्या मामले में आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

पौड़ी : जितेंद्र आत्महत्या मामले में आरोपियों को कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। बुधवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पौड़ी की अदालत ने आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई की और अर्जी खारिज कर दी है। बता दें कि पौडी के तलसारी गांव निवासी जितेंद्र ने बीते गुरुवार को खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर दी थी। आत्महत्या से पहले जितेंद्र ने एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। जो बाद में वायरल हो गया था। पौड़ी पुलिस ने इस वीडियो का संज्ञान लेते हुए भाजपा नेता हिमांशु चमोली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जितेंद्र के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद शुभम खंडूड़ी, गौरव काम्बोज, विकास शाह, अभिषेक गैरोला के खिलाफ भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। बीते सोमवार को भी पुलिस ने इन चारों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जमानत के लिए आरोपियों ने अर्जी लगाई थी। नामित अधिवक्ता आशीष जदली ने बताया कि अदालत ने पांचों आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए सभी की जमानत खारिज कर दी।

### प्रवेश के लिए 1 तक करें आवेदन

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के शैक्षणिक सत्र 2025-26 में बीए एलएलबी एवं एलएलबी पाठ्यक्रम के रिक्त सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गये हैं। इस संदर्भ में गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. राकेश ढोड़ी ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा कि गढ़वाल विवि के परिसरों और सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए बीए एलएलबी एवं एलएलबी पाठ्यक्रम के रिक्त सीटों की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। बताया कि इच्छुक अभ्यार्थी 1 सितम्बर तक अपने आवेदन आमंत्रित पत्र भर सकते हैं। बताया कि बीए एलएलबी एवं एलएलबी पाठ्यक्रमों के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा 7 सितम्बर को आयोजित की जायेगी। कुलसचिव प्रो. राकेश ढोड़ी ने बताया कि प्रवेश परीक्षा से सम्बंधित कार्यक्रम में कोई भी परिवर्तन होता है तो इसकी सूचना गढ़वाल विवि के वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी जायेगी। (एजेंसी)

### मेडिकल कॉलेज हरिद्वार के नियमित प्राचार्य बनें डॉ. रावत

श्रीनगर गढ़वाल : वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के पूर्व प्राचार्य डा. सीएमएस रावत को हरिद्वार मेडिकल कॉलेज का नया प्राचार्य नियुक्त किया गया है। प्रो. रावत विगत 9 वर्षों से मेडिकल कॉलेज श्रीनगर प्राचार्य के रूप में सेवाएं दे रहे थे। वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. सीएमएस रावत ने अपने कार्यकाल में कॉलेज और बेस अस्पताल को नई पहचान दिलाई। उनकी प्रशासनिक व मैनेजमेंट क्षमता व दूरदर्शिता से मरीजों, एमबीबीएस और पीजी छात्रों के हित में बेहतर फैसले लिए गये। हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में बतौर 14 वर्ष फैकल्टी व प्राचार्य पर सेवा देने के बाद डॉ. रावत ने श्रीनगर में 09 वर्ष तक प्राचार्य व डीन के रूप में कार्य किया। अब डॉ. रावत अपनी तीसरी पारी की शुरुआत राजकीय मेडिकल कॉलेज हरिद्वार के नियमित प्राचार्य के रूप में करेंगे। प्रो. रावत के कार्यकाल में सबसे पहले श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में संविदा पर कार्यरत फैकल्टी नियमित हुई। एमबीबीएस की 100 सीट बढ़कर प्रतिवर्ष 150 सीट के साथ-साथ समस्त प्रीक्लीनिकल, पैराक्लीनिकल व क्लीनिकल के सभी विभागों में पीजी की कुल प्रतिवर्ष 53 पीजी (एमडी, एमएस व डीएनबी) की स्वीकृति दिलवाई,

# जेब ढीली कर रहे स्मार्ट मीटर, जताया विरोध

## ऊर्जा निगम से की स्मार्ट मीटर के बजाय पुराने मीटर लगाने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : ऊर्जा निगम की ओर से क्षेत्र में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर का आमपड़ाव व प्रजापति क्षेत्र के लोगों ने विरोध किया है।

कहा कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की जेब ढीली कर रहे हैं। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी गरीब परिवार के लोगों को हो रही है। स्मार्ट मीटर के बजाय उपभोक्ताओं के पुराने मीटर लगाए जाने चाहिए।

बुधवार को आमपड़ाव व प्रजापति क्षेत्र के लोग ऊर्जा निगम कार्यालय में पहुंचे। जहां उन्होंने अपनी समस्या से अधिकारियों को अवगत करवाया। कहा कि वर्तमान में विद्युत विभाग की तरफ से घरों में पुराने विद्युत मीटरों की जगह स्मार्ट विद्युत मीटर लगाए गए है, जिनका बिल खपत से ज्यादा आ रहा है। कहा कि खपत से ज्यादा बिल आने से गरीब, मेहनत मजदूरी करने वाले लोगों को कठिनाई हो रही है। कहा कि क्षेत्र के लोग अधिक धनराशि वाले बिलों का भुगतान करने में पूरी तरह से असमर्थ है। कहा कि स्मार्ट विद्युत मीटरों को उतार कर पुराने विद्युत मीटरों को लगाया जाए। इस मौके पर बाला देवी, धीरज, मोहित कुमार, पंकज, सूर्यकांत, चंद्रशेखर, जौनी चेनवाल, सुमन, जीतू मौजूद रहे।



कोटद्वार स्थित विद्युत उपखंड कार्यालय में अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सोंपते हुए क्षेत्रीय जन



क्षेत्र में निकाली गई भगवान गणेश की शोभायात्रा

# धूमधाम से मनाया गया गणेश महोत्सव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में गणेश महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। लोगों ने अपने घर व देवालयों में भगवान गणेश की प्रतिमा को स्थापित किया। इस दौरान शहर में भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई।

बुधवार को जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आमपड़ाव स्थित भैरो मंदिर समिति की तरफ से भगवान गणेश की शोभायात्रा निकाली गई, जो भैरो मंदिर से शुरू होते हुए झंडाचौक, स्टेशन रोड़ होते हुए भैरों मंदिर में संपन्न हुई, जहां पर बने पंडाल में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। कुंभीचौड़ में मनकामेश्वर मंदिर समिति व रामलीला कमेटी की तरफ से से गणेश चतुर्थी को धूमधाम व उल्लास के साथ मनाया गया। मनकामेश्वर मंदिर समिति व रामलीला कमेटी से जुड़े लोगों ने कुंभीचौड तिराहे से लेकर मनकामेश्वर मंदिर तक गणेश भगवान की शोभा यात्रा निकाली तथा मंदिर में बने पंडाल में गणपत्ति को विराजमान किया। इस मौके पर अनिल बहुगुणा, विनोद तिवारी, अरूण बहुगुणा, सतीश चंद्र मौजूद रहे। वहीं काशीरामपुर तल्ला स्थित कड़क पहाड़ी खेल प्रोत्साहन समिति ने भी ढोल नगाडों के साथ गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों लगाते हुए भगवान गणेश की शोभायात्रा निकाली, तत्पश्चात एक बारातघर में बने पंडाल में भगवान को विराजमान किया।

# एकेश्वर और पोखड़ा ब्लॉक में 49 ग्राम प्रधानों को दिलाई शपथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद ग्राम सभाओं के नव निर्वाचित ग्राम प्रधानों को शपथ दिलाकर कार्यभार सौंपा जा रहा है। एकेश्वर ब्लॉक में 82 ग्राम सभाओं में से मात्र 18 ग्राम प्रधानों ने शपथ ग्रहण की।

खंड विकास अधिकारी एकेश्वर एन.सी सुयाल ने ब्लाक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों को पद पर गोपनीयता की शपथ दिलाई।

वहीं पोखड़ा ब्लाक में 60 में से 31 ग्राम प्रधानों को खंड विकास अधिकारी एस.पी शाह ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

सहायक खंड विकास अधिकारी मनोज भट्ट ने कहा कि अधिकतर ग्राम प्रधान की कैबिनेट पूर्ण नहीं है, जिस कारण उन्हें कार्यभार ग्रहण करने के लिए विधिवत कैबिनेट का गठन करने की प्रक्रिया की जाएगी।

# आंदोलनकारियों की पुण्य तिथि पर किया पौधा रोपण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पोखड़ा ब्लाक में आयोजित दिवंगत राज्य आंदोलनकारी स्व. कृष्ण मोहन जोशी व अन्य सात युवाओं को पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि एवं पौध रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दिवंगत आत्माओं की याद में पौध रोपण भी किया गया।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि हमें अधिक से अधिक संख्या में पौध रोपण करना चाहिए। साथ ही जहां खेत बंजर हो रहे हैं उन खेतों को बंजर होने से आवाद करने के लिए नियमित रूप से खेती करनी चाहिए, जिससे कि प्रकृति का संतुलन भी बना रहेगा। इस अवसर पर कृष्ण मोहन वाटिका, गैस एजेंसी, देवधार, आईटीआई पोखड़ा, पशुपालन परिसर, कृष्ण मोहन चौक से गैस एजेंसी मोटर मार्ग के किनारे -किनारे कई प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया।

साथ ही पीपल, बेलपत्री, आम, अमरूद, नींबू, माल्टा, आंवला, अनार, जामुन, तेज पत्ता, इलायची, देवदार, सुराई आदि प्रजातियों के पौधे कृषकों को वितरित किये गये। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक पुष्कर जोशी, रामेश्वरी जोशी, ब्लाक प्रमुख पोखडा संजय गुसाईं, ज्येष्ठ उप प्रमुख प्रदीप, कनिष्ठ उपप्रमुख संजय जोशी, जिला पंचायत पोखडा बलवंत सिंह, पूनम कैंतूरा, सचिन पुरुसोला, सुधीर सुंद्रियाल, गौरव जोशी, सुशील रावत, राकेश नौटियाल आदि मौजूद रहे।

# महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : रांसी स्थित इंडोर स्टेडियम में महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू हो गई। तीन दिनों तक चलने वाली खेल प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग की श्रेणियों में सात पौड़ी, टिहरी, चमोली, हरिद्वार, देहरादून, उधमसिंहनगर व नैनीताल जिले के 70 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

बुधवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए डीएम स्वाति एस भदौरिया ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की प्रेरणा दी। उन्होंने खेल अधिकारी को प्रतियोगिता का संचालन पूरी पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश दिए।

कहा कि बैडमिंटन प्रतियोगिता का यह आयोजन खिलाड़ियों की स्मृतियों में एक सुखद अनुभव बनकर रहना चाहिए। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता के अंडर-14 बालिका वर्ग में दून की दक्ष्या ध्यानी ने पौड़ी की पूर्णिमा को हराकर क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया। इसी वर्ग में पौड़ी की आराध्या नेगी, नैनीताल की काव्या, हरिद्वार की रिधि, दून की आरवी पुंडीर ने अपने मैच जीते। अंडर-17 बालिका में चमोली की ज्योति, उधमसिंहनगर की वंशिका ने अपने मैच जीते। इस मौके पर प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह रावत, जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र बंगारी, विभागीय प्रशिक्षक अनुज नेगी, मनीषा रानी आदि शामिल रहे।

# ग्रामीणों ने भालू को मारने की उठाई मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गढ़वाल वन प्रभाग के पैठाणी रेंज स्थित कुचोली, कुंडील, सौंठ और बगेली आदि गांवों में भालू की दहशत बनी है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने भालू को मारे जाने की मांग की है। जिला पंचायत सदस्य नौड़ी सीमा चमोली ने कहा कि भालू गौशाला का दरवाजा तोड़कर मवेशियों को निवाला बना रहा है। ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं।

जिला पंचायत सदस्य नौड़ी सीमा चमोली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल जिला मुख्यालय पौड़ी पहुंचा। यहां उन्होंने जिलाधिकारी पौड़ी स्वाति एस भदौरिया व डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरुद्ध से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने बताया कि क्षेत्र में बीते एक-डेढ़ सप्ताह से भालू का आतंक बना हुआ है। बताया कि कुचोली व कुंडील में भालू के हमले में से ग्रामीण दशहत में हैं। अब सौंठ में भी भालू के हमले में मवेशियों की मौत हुई है। जिला पंचायत सदस्य नौड़ी सीमा चमोली ने बताया कि बगेली गांव में भालू के हमले में गणेशी देवी घायल हो गई है। जिनका उपचार चल रहा है।

कहा कि क्षेत्र को भालू के आतंक से मुक्त किया जाय। साथ ही समस्त प्रभावित परिवारों और घायल महिला को उचित मुआवजा जल्द प्रदान किया जाय। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में भालू के आंतक को लेकर एक आम बैठक आयोजित हुई। जिसमें ग्रामीणों ने भालू को मारने के आदेश जारी किए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की मांग का उचित समाधान किया जाय। डीएम व डीएफओ ने प्रतिनिधिमंडल को उचित समाधान का भरोसा दिया।

# शिक्षकों ने मांगों को लेकर सीईओ कार्यालय में किया प्रदर्शन

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : राजकीय शिक्षक संघ ने प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर बुधवार को पौडी मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में धरना दिया। इससे पूर्व शिक्षकों ने अपनी चॉक डाउन हड़ताल के तहत स्कूलों और इसके बाद ब्लाक मुख्यालयों में भी धरना दिया। संघ पदोन्नति सहित वार्षिक तबादले नहीं किए जाने सहित विभिन्न मांगों पर कोई कदम नहीं उठने से नाराज हैं। संघ के जिला मंत्री बृजेंद्र बिष्ट ने कहा कि यदि जल्द ही मांगो पर सटीक कदम नहीं उठते तो विवश होकर शिक्षकों को आंदोलन आगे करना पड़ेगा। कहा कि शुक्रवार को संघ मंडल में धरना देंगे। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि सरकार शिक्षकों के अधिकारों से उन्हें वंचित कर रही है। शिक्षक की जिस पद पर तैनाती हो रही है, वह उसी पद से सेवानिवृत्त हो रहा है। जिससे शिक्षकों को 30 से 35 वर्ष की सेवा के बाद भी आर्थिक रूप से नुकसान, सामाजिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ना झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है। धरना देने वालों में संघ के जिला संरक्षक जयदीप रावत, जिला उपाध्यक्ष मनोज काला, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज कुमार बिष्ट, ब्लॉक मंत्री भरत सिंह बुटोला, ब्लॉक उपाध्यक्ष पौड़ी सुबोध कुकरेती, महिला उपाध्यक्ष श्वेता बिष्ट रौतेला, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष पौड़ी भवान सिंह नेगी, पूर्व मंडल मंत्री देवेंद्र सिंह रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह भंडारी, पूर्व जिला संयुक्त मंत्री रघुराज सिंह चौहान, ममता पंवार, सुनीता नेगी, पार्वती ध्यानी आदि शामिल रहे।

# वेंडिंग जोन को लेकर नगर आयुक्त ने लिए सुझाव

ऋषिकेश। शहर में सड़कों के किनारे ठेली–रेहड़ी पर दुकान करने वाले लोगों को जल्द वेंडिंग जोन में कार्ट की सुविधा उपलब्ध होगी। इसमें बरसों से इस रोजगार में जुटे लोगों को वरीयता दी जाएगी।

इससे न सिर्फ उन्हें आवश्यक सुविधाओं के साथ वैध स्थान पर रोजगार हासिल होगा, बल्कि केंद्र और राज्य सरकार की उनसे जुड़ी योजनाओं का भी सीधा लाभ मिल सकेगे।

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार।

पत्रांक 1801 / निविदा सूचना / 2025-2026 दिनांक 27-08-2025

## ई-निविदा सूचना

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जनपद पौड़ी गढ़वाल शाखा कोटद्वार के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव कार्यों हेतु उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-निविदा, टू-बिड सिस्टम (तकनीकी एवं कमर्शियल बिड) के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त सूचना www.uktenders.gov.in पर सांय 04.09.2025 की सांय 05:00 बजे से उपलब्ध होगी।

| क्र0 सं0 | विकास क्षेत्र | योजना का नाम | धरोहर राशि | निविदा का कुल मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) | निविदा डाउनलोड करने की तिथि एवं समय | प्री-बिड मिटिंग की तिथि | निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | निविदा को खोले जाने की की तिथि एवं समय (तकनीकी निविदा) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दुगड्डा | कोटद्वार नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 62000.00 | रू0 2500.00 + GST | 04.09.2025 सांय 5.00 बजे से | 08.09.2025 सांय 12.00 बजे से | 17.09.2025 सांय 5.00 बजे तक | 18.09.2025 सांय 5.00 बजे तक | 19.09.2025 सांय 11.00 बजे से | 01 वर्ष | ''D'' या उच्चतर |
| 2 | दुगड्डा | कोटद्वार नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत 5.0 कि0मी0 पम्पिंग स्टेशन में संचालन, एवं रखरखाव का कार्य। | 19000.00 | रू0 1000.00 + GST | | | | | | | |
| 3 | दुगड्डा | कोटद्वार नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत 2.5 कि0मी0 पम्पिंग स्टेशन में संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 19000.00 | रू0 1000.00 + GST | | | | | | | |
| 4 | दुगड्डा | रिगड्डी पेयजल योजना के अन्तर्गत संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 60500.00 | रू0 2500.00 + GST | | | | | | | |
| 5 | दुगड्डा | सनेह पेयजल योजना के अन्तर्गत संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 46000.00 | रू0 2000.00 + GST | | | | | | | |
| 6 | दुगड्डा | हल्दूखाता पेयजल योजना के अन्तर्गत संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 58500.00 | रू0 2000.00 + GST | | | | | | | |
| 7 | दुगड्डा | मोटाढाक पेयजल योजना के अन्तर्गत संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 51000.00 | रू0 2000.00 + GST | | | | | | | |
| 8 | दुगड्डा | सिगड्डी पेयजल योजना के अन्तर्गत संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 49000.00 | रू0 2000.00 + GST | | | | | | | |
| 9 | दुगड्डा | कोटद्वार सीवरेज योजना के अन्तर्गत संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 27500.00 | रू0 1500.00 + GST | | | | | | | |

ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्ते उत्तराखण्ड की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाइन देखी एवं प्राप्त की जा सकती है।

**शर्तें:–**

1– निविदा प्रपत्र का मूल्य (उपरोक्त तालिकानुसार अलग-अलग निविदा हेतु पृथक-पृथक) किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार के नाम से बनाकर प्रस्तुत करना होगा।

2– निविदा प्रपत्र के साथ 2% घरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/ बी0जी0/एन0एस0सी0 के रूप में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/डाकघर द्वारा निर्गत, अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार के पदनाम से न्यूनतम 90 दिनों हेतु बंधक हो, जमा करानी होगी।

3– निविदादाता द्वारा उक्त वेबसाइट में रू0 100.00 मूल्य के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथ पत्र अपलोड करना आवश्यक होगा कि उसके द्वारा जो भी सूचनायें वेबसाइट पर दी गई हैं, वह सत्य हैं।

4– निविदादाता द्वारा उक्त वेबसाइट में रू0 100.00 मूल्य के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रेवेन्यू टिकट लगाकर निविदा दरों की वैधता के सम्बन्ध में हस्ताक्षर कर अपलोड करना होगा।

5– निविदा प्रपत्र हेतु निविदादाता को डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र (डी0एस0सी0) किसी प्रमाणित / प्राधिकृत संस्था द्वारा निर्गत किया होना आवश्यक है।

6– निम्नलिखित प्रपत्र (प्रपत्र जो वैबसाईट पर निविदा के साथ अपलोड किये गये हैं) मूल रूप में कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार में दिनांक 18.09.2025 सांय 5:00 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा किये जाने होंगे।

(i) निविदादाता द्वारा रू0 100.00 मूल्य के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र जिसमें यह उल्लिखित होगा कि उसके द्वारा जो भी सूचनायें वैबसाईट पर दी गई हैं यह सत्य है।

(ii) निविदादाता द्वारा निविदा दरों की वैधता के सम्बन्ध में रू0 100.00 मूल्य के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रेवेन्यू टिकट लगाकर हस्ताक्षरित शपथ पत्र।

(iii) निविदा प्रपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट मूल रूप में।

7– उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना सीधे वैबसाईट www.uktenders.gov.in पर ही अपलोड की जायेगी। संशोधित निविदा सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जायेगा।

8– किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित हैं।

9- तकनीकी बिड में सफल पाये गये ठेकेदारों के नाम अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार के कार्यालय नोटिस बोर्ड पर लगायी जायेगी एवं वेबसाईट पर भी अपलोड़ की जायेगी।

9- शेष समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।

10– निविदा सम्बन्धी जानकारी हेतु इं0 अभिषेक कुमार वर्मा, अधिशासी अभियन्ता (मो0 नं0 9412081305), इं0 देवकी नन्दन, सहायक अभियन्ता (मो0 नं0–7060874580) एवं ई0 बृजमोहन रावत (मो0 नं0– 9568704545) से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

अधिशासी अभियन्ता

(1189/67)

## संक्षिप्त समाचार

### प्रोबेशन की अवधि पूरी कर चुके कार्मिको का जल्द होगा स्थायीकरण

देहरादून। सरकारी विभागों में प्रोबेशन की अवधि पूरी कर चुके कार्मिको का जल्द स्थायीकरण होगा। बुधवार को कार्मिक सचिव शैलेश बगोली ने सभी विभागों को इस बाबत निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सभी पात्र कर्मचारियों का स्थायीकरण जल्द करने को कहा है। उन्होंने कहा कि जिन कर्मचारियों की प्रोबेशन अवधि पूरी हो चुकी है उनका स्थायीकरण नियमावली 2002 के अनुसार स्थायीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाए। मालूम हो कई विभागों में प्रोबेशन की अवधि पूरी होने के बाद भी कार्मिकों का स्थायीकरण लंबे समय तक अटका रहता है। हालांकि वित्तीय लाभ तो कर्मचारी को पूरे मिलते हैं, लेकिन उसके प्रतिकूल आचरण, गतिविधियों की पुष्टि होने पर उसे तत्काल सेवा मुक्त किया जा सकता है। इसके साथ ही उनके सेवा-संयोजन, वेतन संरक्षण, पेंशन-हितलाभ आदि के मामलों के समाधान में दिक्कत आती है। बगोली के अनुसार स्थायीकरण के स्पष्ट आदेश के बिना विभागीय प्रमोशन पा चुके कार्मिकों के मामलों की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उनका भी नियमानुसार स्थायीकरण करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि शासन की जानकारी में ऐसे कुछ मामले आए हैं, जिनमें तय प्रोबेशन अवधि पूरी करने के और विभागीय प्रमोशन पाने के बाद भी कार्मिकों का स्थायीकरण नहीं हुआ। यह विधिसम्मत तथा अनुशासित लोक प्रशासन की भावना के विपरीत है। सभी अधिकारियों को समय पर स्थायीकरण आदेश जारी करने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है।

### सीएम से की मसूरी की समस्याओं के समाधान की मांग

देहरादून।मसूरी की विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिवक्ता एवं लीगल सहसंयोजक युवा मोर्चा भाजपा उत्तराखंड आर्यन देव उनियाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की व समस्याओं के समाधान के लिए मांग पत्र दिया। मुख्यमंत्री को दिए गए पत्र में आर्यन देव उनियाल ने शहर की गंभीर होती समस्याओं से अवगत कराया। कहा कि मसूरी में नोटिफाइड क्षेत्रों में लगातार अनाधिकृत निर्माण कार्य हो रहे हैं, ऐसी स्थित में स्थानीय लोग जो अपना आशियाना बनाने का प्रयास करते हैं उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बताया कि बहुमंजिला भवन जो व्यावसायिक हित के लिए बनाये जा रहे हैं इससे परिस्थितिकी और स्वरूप चुनौतीपूर्ण हो गया है। इन पर प्रभावी नियंत्रण किया जाना आवश्यक है। पत्र में मालरोड पर पुनर्विकास कार्य में कई व्यावहारिक कमियां है, जल निकासी प्रणाली न होने से बरसात में जल भराव हो जाता है। इससे पैदल चलने वालों व वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पत्थरों के उखड़ने से दुर्घटनांए हो रही हैं। कई स्थानों पर सीवर के ढक्कन खुले हैं। इसके लिए व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। पत्र में अवगत कराया गया कि मसूरी में यातायात के लिए दीर्घ कालीन प्लान बनाया जाना जरूरी है, ताकि जाम से निजात मिल सके। वहीं पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए।

### हैंपटन कोर्ट स्कूल ए ने हॉकी में वाइनबर्ग एलन स्कूल को हराया

देहरादून। मसूरी स्पोर्टस एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ महिला कांग्रेस अध्यक्ष व पालिका सभासद जसबीर कौर ने खिलाड़ियों का परिचय लेकर किया। तीन दिवसीय 26वां ध्यानचंद स्मृति सिक्स ए साइड हॉकी प्रतियोगिता मसूरी पब्लिक स्कूल के मैदान में आयोजित की गई। पहले दिन सीनियर बालिका में स्पोर्टस हॉकी अकादमी खालसा कोलकाता ने भिलाई स्टील प्लांट को 2-1 से हराया, वहीं दूसरे मैच में एसवीएम यमुनानगर हरियाणा ने आर रोशन क्लब पटना बिहार को 5-1 से हराया। जूनियर बालिका में हैंपटन कोर्ट स्कूल ए ने वाइनबर्ग एलन स्कूल को 1-0 से हराया।

# जल्द बनाया जाएगा लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग : बलूनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग उनकी प्राथमिकता में शामिल है। इसके लिए वह लगातार प्रयास भी कर रहे हैं। कहा कि जल्द ही जनता को लालाढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग की सौगात मिलेगी।

बुधवार को कोटद्वार क्षेत्र से हिमालयन डिस्कवर फाउंडेशन ट्रस्ट के चेयरमैन मनोज इष्टवाल, सनातन महापरिषद भारत के दिल्ली अध्यक्ष सोम प्रकाश गौड़, विमला कुंदन सेवाग्राम ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी गिरिराज सिंह रावत, विकास देवरानी, चन्द्रमोहन कुकरेती, समाजसेवी प्रणिता कंडवाल के एक शिष्टमंडल ने दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में सांसद अनिल बलूनी से मुलाकात की। जहां पर उन्होंने गढ़वाल सांसद को ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने लोक सभा सांसद को अवगत करवाते हुए कहा कि लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग वर्ष 1965 से अस्तित्व में है। कहा कि यह मार्ग लालढांग, चौकीघाटा, कोटद्वार दुगड्डा व्यापारिक मंडियों से जुड़ा हुआ था, जो कि संपूर्ण गढ़वाल को आपस में जोड़े हुए था, लेकिन राज्य निर्माण के बाद मोटर मार्ग उपेक्षा का शिकार हो गया। वर्तमान में यह मार्ग बंदी के कगार पर खड़ा है। सांसद अनिल बलूनी ने शिष्टमंडल को अवगत करवाया कि इस मामले कोर्ट में निस्तारित करने की पहल की जा रही है। कहा कि कोर्ट में निस्तारित होते ही मोटर मार्ग पर निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।



दिल्ली में सांसद अनिल बलूनी से मुलाकात करते कोटद्वार क्षेत्र के लोग

# हृदय गति रुकने से सैनिक की मौत, दी अंतिम विदाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के अंतर्गत पदमपुर मोटाढांक निवासी सैनिक संदीप रावत की बंगलूरू में हृदय गति रूकने से मौत हो गई थी। बुधवार सुबह गाड़ीघाट स्थित मुक्ति धाम में सैन्य सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई।

बंगाल इंजीनियर्स में तैनात संदीप रावत (35 वर्ष) वर्तमान में बंगलूरू में तैनात थे। रविवार देर रात अचानक उन्हें दिल का दौरा पड़ गया था। जिसके बाद अन्य साथियों की ओर से उन्हें अस्पताल में पहुंचाया। लेकिन, चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मंगलवार को संदीप का पार्थिव शरीर पदमपुर मोटाढांक स्थित उनके आवास पर पहुंचा। शव को देखते हुए परिजनों में कोहराम मच गया। संदीप रावत मूल रूप से पौखड़ा ब्लाक के अंतर्गत कमेडी गांव के रहने वाले हैं। कुछ वर्ष पूर्व ही उनका विवाह हुआ था। संदीप रावत के बड़े भाई हरेंद्र रावत ने उन्हें मुखाग्नी दी। बताया कि हरेंद्र रावत भी कुछ माह पूर्व ही भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए। शोक व्यक्त करने वालों में महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, पार्षद सौरभ नौडियाल, शिक्षक सुनील रावत, आशीष रावत, प्रशांत कुकरेती, राजपाल सिंह रावत आदि शामिल थे।



कोटद्वार के मुक्तिधाम में सैन्य सम्मान के साथ संदीप रावत को अंतिम विदाई देते सैनिक

# विभिन्न मांगों को लेकर जारी रही भूख हड़ताल



महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर भूखहड़ताल में बैठे अंकुश घिल्डियाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रों की विभिन्न मांगों को लेकर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल की भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। इस दौरान उन्होंने छात्रों की समस्याओं का निराकरण नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी। कहा कि छात्रों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बुधवार को महाविद्यालय के गेट पर भूख हड़ताल पर बैठे अंकुश घिल्डियाल को पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष, एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव हिमांशु बहुखंडी समर्थन देने पहुंचे। अंकुश घिल्डियाल ने कहा कि श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में लापरवाही बरती है, जिसके कारण छात्रों को कम अंक प्रदान किए गए है। कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने होनहार छात्रों के साथ खिलवाड़ किया है। जब तक छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं का पुर्नमूल्यांकन नहीं करवाया जाता है तब तक उनकी भूख हड़ताल जारी रहेगी। इस मौके पर अंकुर, मंदीप, मनीष, दमनदीप, हिमांशु, आयुष, अभिषेक, बाबी बिष्ट मौजूद रहे।

## ठेकेदार यूनियन के नैन सिंह बने अध्यक्ष

उत्तरकाशी। लोनिव संघ भवन में मंगलवार को ठेकेदार संघ की आम बैठक आयोजित की गई। बैठक में यूनियन की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें नैन सिंह बिष्ट को अध्यक्ष चुना गया। जबकि विपिन राणा को उपाध्यक्ष, प्रदीप पंवार,सत्येंद्र कुमाई को सचिव, कैलाश नेगी को कोषाध्यक्ष तथा दशरथ पंवार को सह सचिव चुना गया। वहीं पूरण चंद रमोला, चिरंजीव नेगी, किशन सिंह पडियार, राजेन्द्र रांगड़, जगदीश भट्ट को संरक्षक तथा पृथ्वीपाल मटूडा, बलवंत राणा को मीडिया प्रभारी बनाया गया। इस मौके पर सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती और सामूहिक सोच के साथ कार्य करने की बात कही।

# जड़ाऊखांद-मजेड़ाबैंड मार्ग पर बार-बार आ रहा मलबा, ग्रामीण परेशान

**जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी :** लगातार हो रही बारिश के चलते इस बरसात सीजन में जड़ाऊखांद-मजेड़ाबैंड मोटर मार्ग पर कोचियार गुजडू के पास भूस्खलन के कारण हर रोज सड़क पर भारी मलबा गिरता जा रहा है। लोनिवि द्वारा जेसीबी मशीन के जरिए मलबा हटाकर मार्ग खोलने की कोशिश होती है, लेकिन मलबा बार-बार आ जाता है। मलबा गिरने से मार्ग बाधित होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि कार्य कर रहे ठेकेदार द्वारा मशीन के जरिए सड़क के ऊपर कटान किया गया था। इस साल भारी बरसात के चलते जगह जगह पर मलबा गिरता जा रहा है। कोचियार गुजडू के पास पहाड़ का बहुत बड़ा हिस्सा धंसकर सड़क पर आता जा रहा है। जिसके कारण आए दिन मलबा गिरने से मार्ग बाधित हो जाता है। इस मार्ग पर जड़ाऊखांद से कोचियार, सिबियाधार, कोचियार गुजडू, जमणधार, धौलियाना, किनाथ, बराथ, सिरखेत, बिरखेत, उटिड़ा, सैंडली, दिगोली, मजेड़ा, गौलीखाल आदि गांवों व बाजारों तक यातायात सुविधा मिलती है। आए दिन मलबा गिरने से मार्ग बाधित रहने के कारण गढ़वाल मोटर यूजर्स की बस सेवा में भी व्यवधान हो रहा है। अपने निजी वाहनों से चलने वाले लोगों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। लोकल टैक्सी संचालक ग्राम जमणधार निवासी सुनील नेगी का कहना है कि सड़क यातायात बाधित होने से टैक्सी संचालन कार्य प्रभावित हो रहा है। लोगों को मीलों पैदल चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इधर, लोनिवि के जेई मनोज का कहना है कि मलबा कई जगहों पर गिर रहा है लेकिन कोचियार गुजडू के पास पहाड़ का बड़ा हिस्सा धंसकर गिरता जा रहा है। मलबा गिरने पर जेसीबी मशीन लगाकर सड़क खोलने का प्रयास किया जाता है, लेकिन हर रोज बारिश होने पर भारी मलबा गिरने से परेशानी होती है। फिलहाल जेसीबी मशीन के जरिए मलबा हटाकर यातायात बहाल करने के प्रयास जारी हैं। भविष्य में इस स्थान पर ब्रेस्ट वाल आदि स्थायी उपाय हेतु शासन को प्राक्कलन भेजा जाएगा।



# सात ग्राम प्रधानों ने ली शपथ

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : बुधवार को विकासखंड कल्जीखाल के सभागार में प्रधानों एवं सदस्य ग्राम पंचायतों को खण्ड विकास अधिकारी गंगा प्रसाद लखेड़ा द्वारा शपथ दिलाई गई। ज्ञात हो कि विकासखंड में 86 ग्राम पंचायतों में 12 ग्राम पंचायत प्रधान निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। बाकी चुनाव जीतकर आए है। लेकिन पंचायत सदस्यों का कोरम पूरा न होने से बुधवार को मात्र सात ग्राम पंचायत प्रधान ही शपथ ले पाए। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पं मेघराज सिंह, लेखाकार विमल कुमार आर्य, वरिष्ठ सहायक दीपक सैलानी, उप कार्यक्रम अधिकारी नरेश डबराल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षक नेता व राज्य आंदोलनकारी बलराज गुसाईं का निधन

### शिक्षकों एवं राज्य आंदोलनकारी में शोक की लहर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राजकीय शिक्षक संघ की पौड़ी जिला इकाई के अध्यक्ष एवं राज्य आंदोलनकारी बलराज सिंह गुसाईं का बुधवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और देहरादून के एक निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से शिक्षक समुदाय एवं राज्य आंदोलनकारी शोकाकुल है।बलराज सिंह गुसाईं वर्तमान में राजकीय इंटर कॉलेज चौबट्टाखाल में तैनात थे। वे राजकीय शिक्षक संघ पौड़ी जिला इकाई के अध्यक्ष भी थे। शिक्षा व शिक्षकों की बेहतरी के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहे। उनकी गिनती सभी को साथ लेकर चलने वाले सुलझे हुए शिक्षक नेता के रूप में होती थी। बलराज गुसाईं मूल रूप से विकासखंड कल्जीखाल के ग्राम थापली के निवासी थे। वे गढ़वाल विश्वविद्यालय पौड़ी परिसर छात्र संघ उपाध्यक्ष भी रहे है। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राम सिंह चौहान, मंत्री रमेश पैन्यूली, मंडलीय अध्यक्ष श्याम सिंह सुंदरियाल, मंत्री डॉ. हेमंत पैन्यूली, शिक्षक नेता जयदीप रावत, प्रकाश बहुगुणा, रघुराज सिंह चौहान, मनोहर चमोली, जितेंद्र पंवार, रतन सिंह रावत सहित अनेक शिक्षकों ने गहरा शोक व्यक्त किया। जिला मुख्यालय पौड़ी में मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरने पर बैठे जनपद के पंद्रह विकासखंडों के शिक्षकों-शिक्षिकाओं ने भी उनके निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके निधन पर राजकीय शिक्षक संघ के पूर्व मंडलीय प्रवक्ता महेंद्र सिंह नेगी, डॉ. शिवराज रावत, ब्लॉक अध्यक्ष खिर्सू अब्बल पुंडीर, उपाध्यक्ष नरेन्द्र तिवाड़ी, जय लाल सिंघवान, के.एल कुंजवाल, पूर्व मंडलीय प्रवक्ता जसपाल गुसाईं, चंद्रमोहन रावत, जनपद संरक्षक जयदीप रावत, पूर्व मंडलीय मंत्री शिव सिंह नेगी, शिक्षक महेश गिरी, रा.जू हाइस्कूल शिक्षक संघ पौड़ी के पूर्व जिला मंत्री मुकेश काला, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य राकेश मोहन कंडारी, पूर्व मंडलीय अध्यक्ष मुकेश बहुगुणा, प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष पौड़ी मनोज जुगरान, विधायक राजकुमार पोरी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती हिमानी नेगी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष केशर सिंह नेगी, राज्य आंदोलनकारी वीरा भंडारी, पुष्कर जोशी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एवं राज्य आंदोलकारी महेंद्र असवाल, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एवं राज्य आंदोलनकारी सुदर्शन नेगी, कुलवीर रावत, कल्जीखाल ब्लॉक के ज्येष्ठ प्रमुख संजय पटवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय डबराल, समाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी, पूर्व कनिष्ठ प्रमुख पीतांबर सिंह नेगी, पूर्व कनिष्ठ प्रमुख जयकृत सिंह पटवाल आदि ने शोक व्यक्त करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी।



# गणेश चतुर्थी महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि विक्रम संवत 2082 गणेशचतुर्थी के दिन कड़क पहाड़ी खेल प्रोत्साहन समिति का तृतीय गणेश चतुर्थी महोत्सव शुभारंभ हुआ।

सर्वप्रथम कड़क पहाड़ी खेल प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष बबलू नेगी के नेतृत्व में गणेश जी की प्रतिमा नगर भ्रमण के पश्चात काशीरामपुर तल्ला निकट रेलवे ग्राउंड के सामने स्थापित की गई। तदोपरांत प्रसाद वितरण किया गया तथा सांयकाल कीर्तन किया गया। समिति के प्रचार प्रसार प्रमुख अंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि 28 अगस्त से 5 सितंबर तक प्रतिदिन भोग आरती एवं कीर्तन किया जाएगा । इस अवसर पर विजय पाल सिंह बिष्ट, देवेश्वरी, मोहित चौधरी, लक्की कोटनाला, हिमांशु, राजीव, शिवचरण धस्माना ,अतुल सिंह, अमित बलोदी, सोनाली, नम्रता, संदीप गुलाटी, आयुष गुलाटी ,सौरभ ,नीरज, जतिन, शुभम, शालू रावत आदि उपस्थित थे




## छात्रों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

ऋषिकेश। पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों को यातायात नियमों से जुड़ी जानकारियां दी गईं। बुधवार को ढालवाला स्थित पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ यातायात पुलिस निरीक्षक उमादत सेमवाल और प्रधानाचार्य विजय नंद बडोनी ने किया।

यातायात पुलिस निरीक्षक उमादत सेमवाल ने छात्रों से यातायात के नियमों का पालन करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के छात्र गाड़ी ना चलाएं। कोई भी बिना ड्राइविंग लाइसेंस के गाड़ी ना चलाएं। दुपहिया वाहन चलाते समय गति का ध्यान रखें। सिर पर हेलमेट अवश्य पहनें। ओवरटेक न करें। वाहन की क्षमता से अधिक सवारी न बिठाएं। सड़क पर अपनी साइड से चलें।

## लंबित आपराधिक वादों के त्वरित निस्तारण को लेकर डीएम बंसल ने की समीक्षा बैठक

देहरादून। डीएम सविन बंसल ने बुधवार को सत्र और अपर सत्र न्यायालयों में विचाराधीन वादों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने शासकीय अधिवक्ता को निर्देशित किया कि जिन कारणों से वाद न्यायालयों में लंबित है, इसका स्पष्ट उल्लेख करें और उनके समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए।

ताकि लंबित आपराधिक वादों का जल्द से जल्द निस्तारण हो सके । न्यायालयों में लंबित मामलों की स्थिति, गवाहों की उपलब्धता और न्यायालयों में की जा रही पैरवी की गहन समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शासकीय अधिवक्ताओं को निर्देश दिए कि वे हर मामले में न्यायालय को समय से साक्ष्य प्रस्तुत करें। गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। आपराधिक मामलों पर विशेष ध्यान दें और पूरे साक्ष्य, गवाहों और जिम्मेदारी के साथ मामलों की पैरवी की जाए। जिन आपराधिक मामलों में अभी तक चार्जशीट दाखिल नही की गई, उस पर त्वरित कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने कहा कि कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए दोषियों को समय पर सजा दिलाना जरूरी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन कारणों से आपराधिक वाद न्यायालयों में लंबित चल रहे है, उन कारणों का स्पष्ट उल्लेख करें, ताकि उनका तेजी से निराकरण किया जा सके। इस दौरान जिलाधिकारी ने न्यायालयों में कुल लंबित वाद, गतिमान वाद, प्रत्येक वाद की अद्यावधिक स्थिति, लंबित होने के कारण और उसके समाधान को लेकर विस्तार से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि न्यायालयों में विचाराधीन/लंबित वादों की प्रगति को लेकर प्रत्येक माह समीक्षा बैठक की जाएगी।


**उत्तर रेलवे**

**(मुरादाबाद मण्डल)**

**निविदा सूचना**

| क्र सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रु.) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2025 सीनियर डीईएन/II/एमबी के अधीन ओएन-बीएलएम-एसपीसी सेक्शन में 14 डयूटी हट के निर्माण हेतु विद्युत कार्य। | 1719620.70 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 34400.00 | 6 (छः) माह | निविदाये दिनांक 18.09.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय/उत्तर रेलवे मुरादाबाद |

निविदा सूचना सं. : 12/2025 दिनांक : 27.08.2025 — 2603/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# शिक्षकों का प्रदेश भर में सीईओ दफ्तरों में प्रदर्शन कर धरना

देहरादून। प्रधानाचार्य भर्ती को रोकने व प्रमोशन-तबादले जल्द कराने की मांग को लेकर शिक्षकों ने प्रदेश भर में सीईओ दफ्तरों में प्रदर्शन कर धरना दिया।

एक सितंबर से माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर छह दिवसीय धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। संघ के आह्वान पर शिक्षकों ने बुधवार को प्रदेश भर में एक साथ सभी सीईओ दफ्तरों पर नारेबाजी के साथ प्रदर्शन करते हुए सरकार से तत्काल तीन सूत्री मांगों पर कार्यवाही की मांग की। राजकीय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानाचार्य का पद शतप्रतिशत पदोन्नति का पद है। सरकार इसे विभागीय भर्ती के जरिए भरने की जिद पर अड़ी है। यदि सरकार चाहे तो प्रमोशन के सभी विवादों का हल निकाल कर प्रमोशन के जरिए सभी रिक्त पदों को भर सकती है। लेकिन अफसरों के भ्रामक तथ्यों में फंसकर सरकार शिक्षक विरोधी फैसला लेने पर आमादा है। यह स्वीकार नहीं किया जा सकता।

संघ के प्रदेश महामंत्री रमेश चंद्र पैन्यूली ने कहा कि एक सितंबर से निदेशालय पर जिलावार संघ कार्यकारिणियां आंदोलन करेंगी। एक सितंबर को देहरादून, बागेश्वर और रुद्रप्रयाग के शिक्षक धरना देंगे। दो सितंबर को टिहरी, चंपावत, तीन सितंबर को हरिद्वार, नैनीताल, चार सितंबर को पौड़ी, पिथौरागढ़ के शिक्षक धरने पर बैठेंगे। पांच और छह को अवकाश की वजह से कार्यक्रम स्थगित रहेगा। इसके बाद आठ सितंबर को उत्तरकाशी, अल्मोड़ा और नौ सितंबर को चमोली, यूएसनगर के शिक्षकों की बारी होगी। इस अवधि में शिक्षक किसी भी प्रशिक्षण अथवा खेलकूद प्रतियोगिता में भाग नहीं लेंगे। चौहान और पैन्यूली ने कहा कि यदि तब भी सरकार ने कोई सकारात्मक निर्णय नहीं किया तो शिक्षक आरपार की लड़ाई शुरु कर देंगे।

---

सरकार और विभाग शिक्षकों की मांगों पर गंभीर है। उनकी कई लंबित मांगों पर कार्यवाही की भी गई है। प्रमोशन, तबादला पर भी कार्यवाही जारी है। प्रधानाचार्य भर्ती में भी विभागीय शिक्षकों को ही अवसर दिया जा रहा है। शिक्षकों को छात्र हित में तत्काल आंदोलन वापस लेते हुए स्कूलों में विधिवत रूप से पढ़ाई शुरू करानी चाहिए।

— डॉ. मुकुल कुमार सती ,माध्यमिक शिक्षा निदेशक


**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com